हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 86 देहरादून, मंगलवार, 20 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08




मुख्यमंत्री ने सेल्फी लेकर किया सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन ... 3

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की मुख्य सचिव ने ली हाई लेवल मीटिंग, दिए कई निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 20 सितम्बर। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन का उद्देश्य आमजन को समस्याओं को दूर करना है। यदि निर्धारित समय के अंदर आम नागरिकों की वास्तविक शिकायतों को दूर नहीं किया जा सके तो इतने बड़े सिस्टम का क्या फायदा। उन्होंने कहा कि जो इस सिस्टम से जुड़ा है प्रतिदिन पोर्टल या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए कार्य करेंगे तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं हो जाता, शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि L3 लेवल में विभागाध्यक्ष को शामिल नहीं किया गया है, वे विभाग विभागाध्यक्ष को इसमें जरूर शामिल कर लें, साथ ही जहां L1 से L4 तक लेवल में कहीं भी कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता है, तो अगले एक सप्ताह में कर लिया जाए। मुख्य सचिव ने शिकायतों के निस्तारण में स्पेशल क्लोज कैटेगरी का भी निरन्तर समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए, कहा कि वास्तविक शिकायतों को स्पेशल क्लोज न किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी यह भी देखना सुनिश्चित करें कि किस प्रकार की शिकायतें लगातार आ रही हैं, उनकी श्रेणी तय कर लें। यदि एक प्रकार की शिकायतें लगातार आ रही हैं तो इसका मतलब हमारे सिस्टम में कमी है, जिसके परिवर्तन की आवश्यकता है। ऐसे प्रकरण चिन्हित कर सिस्टम में सुधार लाया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के नोडल विभाग आईटीडीए को भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन कर रहे विभागों को सबसे ऊपर रखते हुए रैंकिंग लिस्ट विभागों को भेजी जाए। विभाग अभियान चलाकर इन शिकायतों का निस्तारण करे। साथ ही साप्ताहिक समीक्षा की जाए ताकि शिकायतों का निस्तारण त्वरित गति लाई जा सके।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव एल फैनई, सचिव दिलीप जावलकर, श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक आईटीडीए अमित सिन्हा सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।




## कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में शामिल



चंडीगढ़, 19 सितंबर। दो बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे दिग्गज सियासी नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह सोमवार को विधिवत तौर पर भाजपा में शामिल हो गए। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर, किरेन रिजिजू और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली। कैप्टन को नरेंद्र तोमर और किरण रिजिजू ने पार्टी की सदस्यता की पर्ची के साथ भगवा पटका पहनाकर कैप्टन और उनके साथ पार्टी में शामिल हुए नेताओं का स्वागत किया। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कैप्टन के करीबी और कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम चुके सुनील जाखड़ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कैप्टन ने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भी भाजपा में विलय कर दिया है।

कैप्टन के साथ ही पूर्व डिप्टी स्पीकर अजायब सिंह भट्टी, पूर्व सांसद अमरीक सिंह अलीवाल, केवल सिंह, पूर्व विधायक प्रेम मित्तल, हरचंद कौर, हरजिंदर थेकेदार, पंजाब महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष बलबीर रानी सोढ़ी, रणइंदर सिंह, जयइंदर कौर, निर्वाण सिंह, कमलजीत सैनो और फरजाना आलम ने भाजपा का दामन थामा।

# भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में दिखा युवा भाजपा नेता सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल का कामयाब नेतृत्व






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन (17 सितम्बर) को जब पुरे देश में 2 अक्टूबर गांधी जयंती, लाल बहादूर शास्त्री तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है ऐसे में उत्तराखंड भाजपा की युवा टीम के प्रभावशाली नेता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में खास पहचान बना चुके उद्यमी सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने एक कामयाब संगोश्ठी का आयोजन कर केंद्र और राज्य सरकार के मिशन और विजन को जन जन तक पहुचाने का सफल प्रयास किया है।

आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून द्वारा ₹प्रबुद्ध जन सम्मेलन₹ का आयोजन IRDT ऑडिटॉरियम, सर्वे चौक में हुआ। जिसकी कमान युवा भाजपा नेता सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने ही सम्हाली थी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगणों द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलन व वन्दे मातरम के गायन के साथ हुआ। डॉ0 धन सिंह रावत स्वास्थ मंत्री उत्तराखंड सरकार इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे थे। उन्हौंने अपने वक्तव्य में केन्द्र की मोदी सरकार व राज्य की धामी सरकार की जमकर सराहना की । उन्हौंने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी सरकार गत आठ वर्षों से नित्य नए जनकल्याणकारी योजनाऔ के माध्यम से आम आदमी का भला कर रही है। फिर चाहै देश भर में शौचालय निर्माण करने की बात हो या फिर 2025 से 2030 तक देश में नई शिक्षा नीति लागु करने की बात हो। उन्हौंने कहा कि आज विपक्ष हताश है, निराश है और सत्ता ना मिलने से परेशान हैं। उन्हौंने राहुल गांधी के द्वारा की जा रही भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष किया और कहा कि कॉंग्रेस के युवराज जो पहले टूटी-फुटी, बची खुची कांग्रेस को जोडे. फिर कहीं जाकर देश जोड़ने की बात करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक सक्सेना, पूर्व प्राचार्य डी०ए०वी० ने की साथ ही उनके द्वारा उपस्थित प्रबुद्जनों का धन्यवाद भी किया गया। प्रबुद्धजनों में देहरादून शहर के नामचीन हंस्तियां जिनमें डॉक्टर्स, इन्जीनियर्स, एडवोकेटस, सीए, उद्योगपति, रिटायर्ड सैन्याधिकारी, रिटायर्ड प्रिंसिपल, सम्मानित संत समाज आदि समाजोपयोगी महानुभावौं की उपस्थिति रही। मंचासीन महानुभावों में भाजपा संगठन महामंत्री संगठन अजेय कुमार , महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट , संत श्री ललिलानंद महाराज , स्थानीय विधायक खजानदास, रायपुर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' कैबिनेट दर्जा मंत्री विश्वास डाबर , बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्षा डॉ० गीता खन्ना, वरिष्ठ भाजपा नेताऔं में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अनिल गोयल , प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश प्रवक्ता विनय गोयल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश उत्तराखण्ड भाजयुमो के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने किया। सह संयोजक अरविन्द जैन थे।

कार्यक्रम की समाप्ति में संयोजक सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कार्यक्रम में पधारने पर समस्त प्रबुद्धजन अतिथि महानुभावों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया व आगे भी सबका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त हो ऐसी कामना भी की। उन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता बंधु का धन्यवाद किया व अपेक्षा की कि भविष्य में भी सबका साथ सहयोग यथावत रहेगा इस दौरान वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उफनती नदी को पार करने की कोशिश में बह गया उत्तराखंड का आदमी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोटद्वार, 19 सितम्बर। पभारी बहती नदी में एक व्यक्ति को बहते हुए दिखाते हुए एक द्रुतशीतन वीडियो ऑनलाइन सामने वायरल हो रही है। वीडियो में एक व्यक्ति जो एक सूजे हुए नाले को पैदल पार करने की कोशिश क्र रहा था। उसे तेज धाराओं का विरोध करने में विफल रहने के बाद नदी से बहते हुए दिखाया गया है। उत्तराखंड में आमतौर पर हर साल मानसून के मौसम में बाढ़ आती है और इस तरह की घटनाएं राज्य में एक आम घटना है। बता दे वह व्यक्ति कथित तौर पर लापता है और फिलहाल तलाशी अभियान जारी है।हल्द्वानी के एक अधिकारी ने कहा कि अभी तक उस व्यक्ति का कोई पता नहीं चला है। उत्तराखंड में आमतौर पर हर साल मानसून के मौसम में बाढ़ आती है और इस तरह की घटनाएं राज्य में एक आम घटना है। इस महीने की शुरुआत में, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक टीम को पौड़ी जिले के कोटद्वार में स्टेडियम के पास एक नदी से तीन दिनों की गहन तलाशी के बाद तीन किशोरों के शव मिले



थे। एसडीआरएफ की टीम को 10 सितंबर को सूचित किया गया था कि स्कूटी पर सवार तीन युवक, जो घर से दुग्गड़ा पेट्रोल पंप क्षेत्र में घूमने के लिए निकले थे, लापता हैं, और परिवार के सदस्यों द्वारा एक पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी दर्ज की गई थी। प्रकोष्ठ प्रभारी ललिता नेगी ने कहा था।उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ टीम ने झूला पुल स्टेडियम में उनके अंतिम स्थान का निर्धारण करने के बाद पास की नदी में तलाशी अभियान शुरू किया और गहन तलाशी के बाद उनके शवों को खोजने में सफल रहे।

# कृषि मंत्री गणेश जोशी ने लखनऊ में सीएम योगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ, 19 सितम्बर। प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी दो दिन के लखनऊ के दौरे पर हैं। इस दौरान सोमवार को काबीना मंत्री गणेश जोशी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ऑर्गेनिक चाय कीट एवं सगंध कीट उपहार स्वरूप भेंट किया। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री के बीच उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम (टी०डी०सी०) के उत्तर प्रदेश राज्य से सम्बन्धित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

जिसमे निगम की समस्त परिसम्पत्तियाँ जो राज्य के विभाजन के समय उत्तर प्रदेश राज्य में थी वह सभी परिसम्पत्तियाँ उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को प्राप्त हुई। निगम के अधिसंख्य कर्मचारी उत्तराखण्ड में रह गये। उत्पादन क्षेत्र उत्तराखण्ड में रहा परन्तु मुख्य बाजार जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदो में फैला हुआ था वह समाप्त हो गया, जिससे टी०डी०सी० की आर्थिक स्थिति प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई। टी०डी०सी० के पास वर्तमान में गेंहूँ बीज का विस्तृत उत्पादन क्षेत्र है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम में गेंहूँ बीज की आवश्यकता लगभग एक से दो लाख कु० की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम एवं उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम के मध्य एम०ओ०यू० किये जाने पर दोनों निगमों को परस्पर लाभ होगा।

वहीं उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम तथा उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के मध्य आस्तियों एवं दायित्वों के लगभग रू0 637 लाख की धनराशि से सम्बन्धित बिन्दुओं के लेखो के शुद्धिकरण के लिए उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम के अनुरोध के क्रम में दोनो निगमों के मध्य बैठक के संबंध में भी चर्चा की गई। मुलाक़ात के दौरान बीजेपी उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार एवम् भाजपा नेता कैलाश पंत भी उपस्थित रहे।



# छात्र-छात्रों के खाते में जायेगी ड्रेस, बैग व जूते की धनराशि

## शिक्षा मंत्री ने दिये विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश



आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 19 सितम्बर। ,सूबे के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा-1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा ड्रेस, जूते और स्कूल बैग क्रय हेतु धनराशि डीबीडी के माध्यम से सीधे खातों में दी जायेगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिये गये हैं। साथ ही अधिकारियों को अगले सत्र के लिये पाठ्य पुस्तकों का प्रकाशन समय पर कराने तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा-01 से 08 तक छात्र-छात्राओं को स्कूली ड्रेस, जूते एवं बैग खरीद के लिये धनराशि डीबीडी के माध्मय से सीधे अभिभावकों के खाते में भेजने के निर्देश दिये। विभागीय मंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में ड्रेस की एकरूपता होनी चाहिये। जिसके लिये राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से सम्पर्क कर स्कूल ड्रेस के रंगों का निर्धारण किया जाय। बैठक में उच्च न्यायालय द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के पूर्व में ज्ञापित पदों को भरने पर भी चर्चा की गई। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा एनआईओएस से 18 महीने के डीएलएड कोर्स उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को भी उक्त भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश पारित किया है। इस संबंध में विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में न्याय विभाग से परामर्श लेते हुये आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। प्रदेशभर में जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण पर चर्चा करते हुये डॉ0 रावत ने कहा कि विभाग द्वारा चिन्हित भवनों का लोक निर्माण विभाग अथवा ग्रामीण विकास विभाग से सर्वे करवा कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाय, साथ नये भवनों की डीपीआर व मरम्मत योग्य भवनों का प्रस्ताव शासन को भेजा जाय। बैठक में सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव योगेन्द्र यादव, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, संयुक्त सचिव जे0एल0 शर्मा, निदेशक माध्यमिक आर0के0 कुंवर, निदेशक सीमैट सीमा जौनसारी, निदेशक प्राथमिक वंदना गर्व्याल, एपीडी डॉ0 मुकुल सती सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# इसी हफ्ते जारी होगा भर्तियों का कैलेंडर
# उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने तैयार की योजना


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 19 सितम्बर। सरकार से 23 भर्तियों का अधिकार मिलने के बाद अब राज्य लोक सेवा आयोग इसी सप्ताह भर्तियों का कैलेंडर जारी कर देगा। भर्तियों से पहले आयोग ने सरकार के पास आयोजन की रूपरेखा को लेकर प्रस्ताव भेजा है, जिसे इसी सप्ताह अनुमति मिलने की उम्मीद है।उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की समूह-ग की 23 भर्तियों के लिए पिछले सप्ताह सरकार ने राज्य लोक सेवा आयोग को अधिकृत किया था।

आयोग के अध्यक्ष डॉ.राकेश कुमार ने सप्ताहभर में भर्तियों का कैलेंडर जारी करने की घोषणा की थी। इसके तहत आयोग बड़े पैमाने पर तैयारी कर रहा है।ग्रीवांस रेडरेसल सेल स्थापित करने के बाद अब आयोग ने राज्य सरकार को परीक्षाओं के आयोजन की चुनाव की तर्ज पर रूपरेखा का प्रस्ताव भेजा है। माना जा रहा है कि इसी सप्ताह आयोग भर्तियों का कैलेंडर जारी कर देगा। इसके साथ ही आयोग




ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि चार बड़ी भर्तियों की प्रक्रिया आयोग अक्तूबर से शुरू कर देगा। आयोग ने ऑनलाइन आवेदन के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।



# ब्रेकफास्ट में स्प्राउट डोसा खाने के कमाल के फायदे, यहां जानें रेसिपी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

डोसा एक साउथ इंडियन डिश है. साउथ इंडियन फूड को सेहत के लिहाज से बेहद फायदेमंद माना जाता है, शायद इसलिए सबसे ज्यादा ब्रेकफास्ट में साउथ फूड को पसंद किया जाता है. डोसा को सेहत के लिए कितना फायदेमंद माना जाता है ये तो हम सभी जानते हैं लेकिन, क्या आप ये जानते हैं कि स्प्राउट डोसा रेगुलर डोसा से कहीं ज्यादा सेहतमंद है, जी हां आपने बिल्कुल सही सुना. स्प्राउट में कई सारे अनाजों को 1 से 2 दिन तक अंकुरित किया जाता है. उसके बाद टेस्ट के अनुसार इसे बिना फ्राई किए या फ्राई करके खाया जाता है. लेकिन आज हम इससे बनने वाली एक हेल्दी रेसिपी बता रहे हैं. जो आपको यकिनन पसंद आने वाली है.

**स्प्राउट्स डोसा खाने के फायदे-**

1. पाचन के लिएस्प्राउट्स डोसा खाने से पेट साफ रहता है. ये पेट गैस, एसिडिटी और अपच



की समस्या से बचाने में मदद कर सकता है. स्प्राउट डोसा लाइट होता है जिसे आसानी से पचाया जा सकता है.

2. इम्यूनिटी के लिएस्प्राउट का रोजाना सेवन कर शरीर को कई समस्याओं से बचाया जा सकता है. स्प्राउट में विटामिन सी की मात्रा भी होती है, जो शरीर में इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद कर सकती है. ब्रेकफास्ट में स्प्राउट डोसा खाने से इम्यूनिटी को मजबूत बना सकते हैं.

3. हार्ट के लिए) स्प्राउट डोसा खाने से हार्ट



को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है. स्प्राउटस में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित कर हार्ट को हेल्दी रखने में मदद कर सकता है.

4. वजन घटाने के लिए) ब्रेकफास्ट में डोसा को खाने से वजन को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है. स्प्राउट डोसा में कैलोरी की मात्रा कम और प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर को हेल्दी और वजन को कंट्रोल करने में मददगार है.

# मुख्यमंत्री ने सेल्फी लेकर किया सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


रुद्रपुर, 19 सितम्बर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर डीडी चौक पहुंचकर सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ किया उन्होंने नगर निगम रूद्रपुर द्वारा डीडी चौक पर किए गए सौंदर्यीकरण कार्य की भुरी-भूरी प्रशंसा करते हुए मुख्य नगर आयुक्त एवम मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा को ऐसे ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों को भी सजाने एवम संवारने के निर्देश दिए।इस दौरान विधायक शिव अरोरा, बीजेपी जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, बीजेपी प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, डीएम युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्र, एसडीएम प्रत्यूष सिंह, मनीष बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में जंगली तेंदुए का शिकार हुई तीन साल की बच्ची

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

एक तेंदुए ने 3 साल की बच्ची को उसकी मां से छीन लिया और जंगल की ओर भाग गया। घंटों बाद शनिवार को पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग में जंगल से बच्ची का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया. घटना के वक्त महिला पति के साथ घर के आंगन में टहल रही थी।

राज्य के मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य जीव वार्डन डॉ. समीर सिन्हा ने सभी संभागीय वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. सिन्हा ने कहा, 'सीएम के निर्देश पर अधिकारी तुरंत मृतक के घर पहुंचे. अधिकारियों ने वहां दो पिंजरे भी लगाए और मृतक लड़की के परिवार वालों को कुछ



मुआवजा राशि दी। इस साल की शुरुआत से अब तक मानव-वन्यजीव संघर्ष में कम से कम 37 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। साथ ही राज्य में तेंदुए, हाथी, बाघ, भालू, सांप और जंगली सूअर के विभिन्न हमलों में 115 लोग घायल हो गए हैं।



# द पॉली किड्स में लगा डेंटल कैम्प, एक्सपर्ट्स ने किया अभिभावकों को जागरूक






**महविश फ़िरोज़ गांधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बच्चों की सेहत का ख्याल रखना माता पिता का फर्ज होता है। लेकिन जिस विद्यालय में में उनके नौनिहालों को आदर्श स्टूडेंट बनाया जाता है वहां भी उनके सेहत और तंदरुस्ती के लिए स्कूल प्रबंधन संजीदगी दिखाए तो माता पिता को और भी राहत और मदद मिलती है। कुछ यहीं होता नजर आया है देहरादून के एक निजी स्कूल में , द पॉली किड्स ( डी एल रोड ) स्कूल में डॉ पाल ( मल्टीस्पेशलिटी डेंटल केयर ) के सौजन्य से डेंटल चेक-उप कैंप का आयोजन किया गया। डॉ अमित पाल सिंह ने स्टूडेंट्स और अभिभावकों के साथ साथ स्कूल स्टाफ के दांतो की ओरल जांच की और आवश्यक सलाह दी। कैंप में स्टूडेंट्स को सामान्य दन्त रोगो के बारे में बताया गया। विशेष रूप से दांतो की सड़न और मसूड़ों की बिमारियों पर जोर देना और उन्हें रोकने के लिए दांतो की सफाई कैसे करनी चाहिए, कितनी बार ब्रश करना चाहिए आदि उपयोग किये जाने वाले उपाए बताये। इस अवसर पर निर्देशक रोहन गुजराल एवं उदय गुजराल , प्रधानाचार्य संगीता मल्होत्रा ने डॉ पाल व उनकी टीम को उनके नैतिक प्रतिपादन व निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद किया।

# त्योहार पर चाहिए पसंदीदा कार तो अभी कराएं बुकिंग...

**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 19 सितम्बर। नवरात्र और दिवाली पर अगर आप नई गाड़ी लेने की सोच रहे हैं, तो अभी शोरूम जाकर बुकिंग करवा लें। त्योहारी सीजन में अगर शोरूम जाकर पसंदीदा मॉडल और रंग की गाड़ी की डिमांड की तो मिलना मुश्किल हो सकता है। क्योंकि विभिन्न कम्पनियों की कारों में एक से आठ महीने की वेटिंग चल रही है।



वर्तमान में पितृपक्ष चल रहे हैं और इन दिनों लोग नए वाहन सहित अन्य वस्तुओं को लेने से बचते हैं। लेकिन नवरात्र से दिवाली तक वाहनों की बम्पर बिक्री होती है। हल्द्वानी के कारोबारियों के मुताबिक पितृपक्ष के 9 दिनों में नवरात्र के लिए 3 सौ से ज्यादा गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है। लोग 5 लाख रुपये से ज्यादा कीमत की गाड़ियों की ज्यादा डिमांड कर रहे हैं।

साथ ही अधिकांश कम्पनियों ने गाड़ियों को नए फीचर के साथ बाजार में उतारा है। सेफ्टी फीचर्स और ज्यादा एडवांस किए गए हैं। ऐसे लोगों की पसंद नए फीचर के साथ आई गाड़ियां हैं। हल्द्वानी ही नहीं पूरे देश में इन गाड़ियों की ज्यादा मांग के चलते कम्पनियों पर उत्पादन का भार बढ़ गया है। कारोबारियों के मुताबिक नए मॉडलों में वेटिंग चल रही है।




**मारुति और महिंद्रा में सबसे ज्यादा वेटिंग**

मारुति सुजुकी की अल्टो और वैगनआर कार आसानी से मिल रही है। स्विफ्ट डिजायर, अर्टिगा, बलेनो व अन्य कारों में 3 महीने तक की वेटिंग हैं। महिंद्रा की थार में 2, एक्सयूवी में 8 और स्कॉर्पियो में भी 8 महीने की वेटिंग है। किआ, निसान, हैंडा, रेनो, ह्यूंडई की गाड़ियों में मॉडलों के अनुसार 1 से 2 माह की वेटिंग है।

नवरात्र के लिए गाड़ियों की बुकिंग शुरू हो गई है। जो ग्राहक अभी अपनी पसंदीदा गाड़ी बुक करा लेंगे उन्हें गाड़ी मिलने की संभावना है।

# मदरसों का सर्वे : रामदेव बोले, धर्म परिवर्तन बंद करने के लिए ये जरूरी





**फ़िरोज़ आलम गांधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 19 सितम्बर। योग गुरु बाबा रामदेव ने उत्तराखंड सरकार के उस फैसले पर बड़ा बयान दिया है, जिसमें सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में मदरसों का सर्वे कराने की बात कही है. वहीं उन्होंने गायों में फैल रही लंपी वायरल की बीमारी पर आशंका जताई है कि इसमें कहीं पाकिस्तान को हाथ तो नहीं है. क्योंकि लंपी वायरल के अधिकांश मामले पाकिस्तान की सीमा से लगे प्रदेशों में मिले हैं.

उत्तराखंड में मदरसों का सर्वे पर जब योग गुरु बाबा रामदेव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता पिछले 75 सालों से चल रही है और मूर्त रूप देने का काम उत्तराखंड सरकार ने किया. योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि उत्तराखंड में जिस तरह से असंवैधानिक रूप से धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा था, वो उत्तराखंड के लिए चिंता की बात है.योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि उत्तराखंड देश की आध्यात्मिक राजधानी है, लेकिन यहां पर भी कुछ लोग गलत मंसूबे पाले बैठे हुए हैं. इस प्रदेश में मजहबी उन्माद फैलाने की खबर जैसे ही सीएम पुष्कर सिंह धामी को लगी तो उन्होंने मदरसों का सर्वे करने का फैसला लिया.मदरसों के सर्वे पर योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि जो सही कर रहे हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है. जो गलत कर रहे हैं, उनको तो डरना ही चाहिए. वहीं अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने भी मांग की है कि मदरसों को बंद ही कर देना चाहिए. इस पर योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि आज से 30 साल पहले जब वो हरिद्वार आए थे, तो यहां पर किसी भी तरह का इस्लामिक उन्माद नहीं था. लेकिन अब जिस तरह के इस देवभूमि को कुछ लोग बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं वो चिंता का विषय है.वहीं मवेशियों में फैले लंपी वायरस को लेकर योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि ये बीमारी पाकिस्तान से लगी सीमाओं में तो बड़ी तेजी से फैली है. इसकी वजह से लाखों गायों की मौत हुई है. सनातम धर्म में जीवन का सबसे बड़ा कोई प्रतीक है तो वो गौमाता है. बाबा रामदेव ने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए कि कही ये वायरल मैन मेड तो नहीं है और साजिश के तहत तो हिन्दूस्तान में नहीं फैलाया गया है.

# सीएम धामी ने भारत-नेपाल के बीच काली नदी पर मोटर पुल का शिलान्यास किया



**सलीम सैफ़ी की विशेष रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

धारचूला, 19 सितम्बर। धारचूला क्षेत्र के मल्ला छारछुम में भारत-नेपाल राष्ट्र के बीच काली नदी पर 32 करोड़ 98 लाख 40 हजार रुपए की लागत से बनेगा 110 मीटर स्पान डबल लेन मोटर पुलमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धारचूला क्षेत्र के मल्ला छारछुम में भारत-नेपाल राष्ट्र के बीच काली नदी पर 32 करोड़ 98 लाख 40 हजार रुपए की लागत से बन रहे 110 मीटर स्पान डबल लेन मोटर पुल का शिलान्यास किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुल बहुत ही महत्व का पुल है। इस पुल के बनने से भारत और नेपाल के बीच आवागमन सुगम होगा, व्यापार बढ़ेगा तथा रोजगार में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह पुल एक वर्ष के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस पुल का निर्माण गुणवत्ता के साथ तेजी से किया जाए। पुल की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस पुल के शिलान्यास पर बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। जिस काली नदी के किनारे पैदा होकर मुझे बड़ा होने का सौभाग्य मिला है, उस नदी पर बन रहे पुल की स्वीकृति भी मेरे हाथों से ही हुई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस पुल के बन जाने से हमारे और नेपाल देश के बीच रोटी -बेटी का संबंध और मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। सीमांत गांवों के विकास के लिए काम हो रहा है। मार्ग कनेक्टिविटी, दूरसंचार कनेक्टिविटी के लिए तेजी से काम हो रहे हैं। निश्चित रूप से यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि जनपद के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। हमारी सरकार सहयोगी और साझीदार के रूप में जनता के साथ खड़ी हे !

छारछुम में भारत- नेपाल राष्ट्र के बीच काली नदी पर बन रहा 110 मीटर डबल लेन पुल बहुत ही महत्व का पुल होगा। भारत-नेपाल सीमा पर उतराखण्ड राज्य में टनकपुर के बाद यह दूसरा मोटर पुल होगा। इस पुल पर छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहन चल सकेंगें। इस पुल के बन जाने से भारत व नेपाल देश के बीच व्यापारिक सम्बन्धों को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरीश धामी, ब्लाक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी,नगर पालिका अध्यक्ष धारचूला राजेश्वरी देवी, जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान,एसपी लोकेश्वर सिंह, एससी लोनिवि एके कांडपाल आदि उपस्थित थे।



# देहरादून पुलिस की वॉलीबाल टीम लगातार नौंवी बार बनी चैम्पियन

## एसएसपी ने 7500 रू0 के नगद पुरूस्कार से किया सम्मानित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 सितम्बर। 13 से 15 सितम्बर 2022 तक 46 वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर ऊधम सिंह नगर में आयोजित 20 वीं प्रादेशिक, अन्तर्जनपदीय पुलिस/वाहिनी वॉलीबाल,हैण्डबाल, बास्केटबाल, योगा, सेपक टाकरा व टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 2022 का अयोजन किया गया था।

जिसमें जनपद हरिद्वार को छोडकर अन्य 12 जनपद, 03 पीएसी, 02 आईआरबी तथा 01 एसडीआरएफ की कुल 18 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया । जिसमें स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए जनपद देहरादून की वॉलीबाल टीम द्वारा लगातार नौंवी बार खिताब पर कब्जा किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सम्मानित करते हुए 7500/- रू0 के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया गया तथा सभी खिलाडियों से भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार स्वर्णिम प्रदर्शन करने की अपेक्षा की गई।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीम : उ0नि0ना0पु0ओमवीर सिंह टीम मैनेजर, प्रशि0मुख्य आरक्षी विनय भारद्वाज, कां0 पंकज कुमार,महेश रजवार, यशपाल कुमार, विक्रांत सालार, निशान्त वर्मा, अनुयाग कुमार, भारतवीर, अमित कुमार, प्रशान्त कुमार, मनीष तोमर, सोबत भण्डारी, रामकुमार राणा, पुनित।

# जल्द ही फिल्मों का शहर बनने जा रहा है उत्तराखंड



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देवभूमि उत्तराखंड अपने खूबसूरत मैदानों के लिए फिल्मों के साथ-साथ पर्यटन के लिए भी एक अच्छी जगह साबित हुई है। यही वजह है कि यहां कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। उत्तराखंड में फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने के साथ-साथ देवभूमि उत्तराखंड अपने खूबसूरत मैदानों के लिए फिल्मों के साथ-साथ पर्यटन के लिए भी एक अच्छा गंतव्य साबित हुआ है।

यही वजह है कि यहां कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। उत्तराखंड के क्षेत्रीय फिल्म उद्योग को मजबूत करने के लिए फिल्म निर्माताओं को उत्तराखंड की ओर आकर्षित करने के अलावा एक फिल्म नीति तैयार की जा रही है, जिसमें स्थानीय लोगों के सुझाव लिए गए हैं। देहरादून में फिल्म सिटी बनाने की भी तैयारी की जा रही है। जिससे स्थानीय कलाकारों को बेहतर अवसर मिल सके और लोगों को रोजगार भी मिल सके। उत्तराखंड के क्षेत्रीय फिल्म उद्योग को मजबूत करने के लिए एक फिल्म नीति बनाई जा रही है, जिसमें स्थानीय लोगों से सुझाव लिए गए हैं। देहरादून में फिल्म सिटी बनाने की भी तैयारी की जा रही है। जिससे स्थानीय कलाकारों को बेहतर अवसर मिल सके और लोगों को रोजगार भी मिल सके।

उत्तराखंड के निर्देशक अनुज जोशी का कहना है कि अगर नई फिल्म नीति बने तो उत्तराखंड के कलाकारों को कई आयाम मिलेंगे। इससे क्षेत्रीय सिनेमा में गुणवत्ता आएगी।

उदाहरण के लिए, वर्तमान में हम रेलवे स्टेशन और पुलिस स्टेशन के दृश्य को फिल्मा नहीं सकते हैं। फिल्म सिटी बनने से हमारे सामने कई सेट उपलब्ध होंगे। उत्तराखंड की कलाकार मानसी सदाना ने कहा कि अगर फिल्म सिटी और फिल्म नीति बनेगी तो हम जैसे कलाकारों को दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा. हमें अपने ही शहर में अवसर मिल सकेंगे।

क्षेत्रीय फिल्मों को प्रोत्साहित करने और अन्य फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने के लिए उत्तराखंड में फिल्म नीति 2022 बनाई जा रही है, जिसके लिए जनता से सुझाव मांगे गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई फिल्म नीति का मुख्य उद्देश्य फिल्मों, फिल्म पुरस्कारों और सम्मानों को अनुदान देना, राज्य की क्षेत्रीय भाषाओं में बनने वाली फिल्मों और कलाकारों को प्रोत्साहित करना और सिंगल विंडो की व्यवस्था लागू करना है. शूटिंग की अनुमति के लिए प्रणाली।

1- शूटिंग उपकरण की खरीद पर 25 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

2- पर्वतीय क्षेत्रों में मोबाइल थियेटर वाहन खरीद पर 15 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा।


3- फिल्म प्रशिक्षण संस्थान खोलने के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान।

4- क्षेत्रीय और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए 10 लाख रुपये का पुरस्कार।

5- शूटिंग के समय फिल्म यूनिट को जीएमवीएन और केएमवीएन के रेस्ट हाउस में रहने पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।



## संपादकीय



# फास्ट ट्रैक कोर्ट बनें

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने उच्च न्यायालयों से फास्ट ट्रैक अदालतों की तादाद बढ़ाने का आग्रह किया है. मौजूदा फास्ट ट्रैक और फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्टों के कामकाज की समीक्षा के आधार पर यह आग्रह किया गया है. उल्लेखनीय है कि महिलाओं के खिलाफ बलात्कार तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौनिक अपराधों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए ऐसी अदालतों का गठन हुआ है, जिसका खर्च केंद्र सरकार वहन करती है. समीक्षा में पाया गया है कि विशेष न्यायालयों के बावजूद लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. इतना ही नहीं, जो धन सरकार द्वारा आवंटित किया जाता है, उसका भी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हो रहा है. राज्य सरकार द्वारा गठित किये जाने वाले 1800 फास्ट ट्रैक अदालतों के लिए 14वें वित्त आयोग ने केंद्र सरकार के योगदान को बढ़ाने की अनुशंसा की थी. अभी देश के 24 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 896 ऐसी अदालतें कार्यरत हैं, जिनमें 13.18 लाख से अधिक मामले लंबित हैं. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में बच्चों के विरुद्ध हुए अपराध के 53,874 मामले पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुए थे. यह संख्या बच्चों के खिलाफ हुए कुल अपराधों का 36.1 फीसदी है. बच्चों के विरुद्ध हर तरह के अपराधों का संज्ञान लें, तो 2011 और 2021 की एक दशक की अवधि में इनमें 351 फीसदी की चिंताजनक बढ़त हुई है. इसी तरह महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की तादाद भी बेहद चिंताजनक है. ब्यूरो की रिपोर्ट बताती है कि 2021 में हमारे देश में हर दिन 86 बलात्कार के मामले सामने आये तथा हर घंटे महिलाओं के खिलाफ 49 अपराध दर्ज हुए. यदि ऐसे गंभीर अपराधों का निपटारा जल्दी नहीं होता है, तो न केवल फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन का उद्देश्य असफल होता है, बल्कि अपराधियों का हौसला भी बढ़ता है. देश के सभी अदालतों में मंजूर पदों से कम जज कार्यरत हैं. स्थिति यह है कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के पदों को भरने में होने वाली देरी के लिए सर्वोच्च न्यायालय और केंद्र सरकार एक-दूसरे को दोष देते रहते हैं. अक्सर इस बहस में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी तनातनी चलती है. ऐसे में यह अचरज की बात नहीं है कि 4.83 करोड़ से अधिक मामले लंबित है. इस कारण बड़ी संख्या में आरोपी जेलों में भी बंद रहते हैं तथा उन्हें न जमानत मिलती है, न वे बरी होते हैं और न ही उन्हें सजा दी जाती है. कई मामले तो ऐसे हैं कि पांच-दस साल से निचली अदालतों में ही उनकी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी है. ऐसी स्थिति में सामान्य अदालतों से बच्चों और महिलाओं को समुचित न्याय मिल पाना बेहद मुश्किल है.

# अक्टूबर के महीने में छुट्टी ही छुट्टी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



सितंबर का महीना लगभग खत्म होने को है और अक्टूबर का महीना जल्द ही शुरू होने वाला है। बच्चों की उत्सुकता तेजी से बढ़ रही है कि अगले महीने कितने दिन छुट्टियां होंगी, उसी तरह अगस्त के महीने में लगातार 10 से 15 दिन छुट्टियां होती थीं। वैसे अगर अगले महीने भी छुट्टियां होंगी तो आप सभी बच्चों के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि अक्टूबर के महीने में बहुत सारी छुट्टियां होने वाली हैं, स्कूल कितने दिन का होगा अक्टूबर के महीने में बंद,

इसकी जानकारी देंगे। बच्चों के माता-पिता अपनी छुट्टी के अनुसार बाहर जाने या घर के कामों की व्यवस्था करने की योजना बनाते हैं। बच्चों के मन में स्कूल की छुट्टी को लेकर काफी उत्सुकता है। आज पूरी कर रहे हैं उनकी जिज्ञासा, आइए जानते हैंदशहरा में 4 दिन की छुट्टी, दीपावली में 6 दिन की छुट्टीस्कूल विभाग ने दशहरा और दिवाली की तिथि घोषित कर दी है क्योंकि तिथि घोषित कर दी गई है (दशहरा 2022 की छुट्टियां) कार्यालय 3 से 6 अक्टूबर तक बंद रहेगा। बारह दीपावली (दिवाली 2022 की छुट्टियां) की छुट्टी 22 से 27 वर्ष।दशहरा और दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने गृहनगर आते हैं। इसलिए स्कूलों में उपस्थिति कम है। स्कूल की छुट्टियां नहीं होने के कारण कई लोगों को अपने गृहनगर जाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए सरकार ने दशहरा और दीपावली पर पर्याप्त अवकाश घोषित किया है।

**छुट्टियों के बीच तिमाही परीक्षाएं**

- लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा नवमीं से बारहवीं तक की तिमाही परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है.
- ये परीक्षाएं दशहरा और दीपावली की छुट्टियों के बीच कराई जाएंगी.
- कक्षा नवमीं और दसवीं की परीक्षाएं जहां 7 अक्टूबर से शुरू होकर 15 अक्टूबर तक चलेंगी.
- वहीं ग्यारहवीं और बारहवीं का पेपर 7 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक होगा.इसी तरीके से और भी शिक्षा से जुड़ी न्यूज़ पाने के लिए नीचे व्हाट्सएप ग्रुप का लिंक है जिस में ज्वाइन हो जाए ताकि प्रतिदिन खबरें इस तरीका से मिलते रहेंगे।

# देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने मॉलदीप के अधिकारियों के साथ प्रोग्रेस साझा की

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 20 सितंबर , देहरादून स्मार्ट सिटी द्वारा स्थापित स्मार्ट स्कूल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड मे एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ-साथ मॉलदीप के सिविल अधिकारियों ने भाग लिया। आज की बैठक में मॉलदीप के अधिकारियों द्वारा देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की कार्य प्रणाली एवं प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा ट्रेनी अधिकारियों के समक्ष देहरादून स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत समस्त कार्यो का प्रस्तुतिकरण किया गया। अधिकारियों द्वारा देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड अन्तर्गत किये जा रहें कार्यो की प्रशंसा की तथा उनके द्वारा कहा गया कि उन्होंने देहरादून स्मार्ट सिटी द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त की तथा उन्होनें कहा की स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो यथा इलेक्ट्रिक बस परियोजना, डी0आई0सी0सी0सी परियोजना, स्मार्ट स्कूल परियोजना आदि परियोजना में किये जा रहे कार्य जनहित हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अंत में ट्रेनी अधिकारियों द्वारा देहरादून स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का धन्यवाद दिया गया।

**स्मार्ट स्कूल**

ज्ञांतव्य है की देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बनाये गए स्मार्ट स्कूल की पहले भी अन्य राज्यों एवं देशों से आये अधिकारियों द्वारा लगभग 10 से अधिक विजिट की गयी है जिसमे जम्मूकश्मीर ,बांग्लादेश , मालद्वीव अदि से आये अधिकारी सम्मिलित हैं।

स्मार्ट स्कूल परियोजना

देहरादनू स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 3 स्कूलों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। उक्त विद्यालयों में भवन के जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ आई0टी0 से सम्बंधित निम्न सुविधाओं को जोड़ा गया है

1. स्मार्ट क्लासेस विकसित की गयी है।
2.

डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया है जिसमें ई-कंटेंट को विकसित किया गया है।

3. विद्यालय भवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सी0सी0टी0वी0 कैमरों का अधिष्ठापन किया गया है एवं अग्निशमन यत्रं स्थापित किये गये है।

4. छात्र/छात्राओं एवं अध्यापको की सुविधा के लिए मोबाइल एप्प का निर्माण किया गया है जिसके द्वारा छात्र ई-कंटेंट को पड़ सकते है।

5. अध्यापकों एवं अभिभावकों के बीच समन्वय बनाने हेतु एक स्कूल एप्प ''सरस वेब पोर्टल'' का निर्माण किया गया है जिसके अन्तर्गत लाइब्रेरी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर तथा स्कूल मैनेजमेन्ट साफ्टवेयर एवं 1 से 12 कक्षा तक के पाठयक्रमों से सम्बन्धित विषय को डिजिटल कंटेंट रूप संग्रहित किया गया है।

6. विद्यालयों को देहरादून स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत बनाये गये दून इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर- सदैव दून' से भी जोडा गया है।

7.बायोमैट्रिक अटेंडेंस की सुविधा

# पाकिस्तान से हेमकुंड की यात्रा पर आया 48 सिख यात्रियों का जत्था

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पाकिस्तान के पेशावर से 48 सिख श्रद्धालुओं का जत्था हेमकुंड साहिब की यात्रा पर सोमवार को घांघरिया पहुंचा। सभी यात्री मंगलवार को हेमकुंड साहिब पहुंचेंगे।पाकिस्तान से आए श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार शाम को गोविंदघाट पहुंचा था और सोमवार सुबह छह बजे उन्होंने घांघरिया के लिए प्रस्थान किया।

ग्रुप लीडर तेतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि उनके ग्रुप के सभी लोग पहली बार उत्तराखंड आए हैं। यहां आकर मानसिक सुकून मिल रहा है। प्रकृति के सुंदर नजारों को देखने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह वे हेमकुंड साहिब के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां पवित्र सरोवर में स्नान के बाद हेमकुंड साहिब के दर्शन कर दरबार में मत्था टेकेंगे।

शाम को वापस घांघरिया लौटेंगे। 21 को गोविंदघाट और 22 सितंबर को ऋषिकेश के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि यहां सभी लोग परिवार के साथ आए हैं। दो लोग 70-70 साल के भी हैं। सभी हेमकुंड साहिब की यात्रा पर पहली बार आए हैं।

गोविंदघाट गुरुद्वारा के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि पाकिस्तान में रह रहे सिख श्रद्धालुओं की हेमकुंड साहिब में अटूट आस्था है। वहां से हर साल तीर्थयात्रियों का जत्था यहां पहुंचता है।



# बड़ी संख्या में धाम के लिए रवाना हुए तीर्थयात्री नरकोटा में लगा तीन किलोमीटर लंबा जाम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नरकोटा में रास्ता संकरा होने और तीर्थयात्रियों के अधिक संख्या में आने के कारण बदरीनाथ हाईवे पर सोमवार को करीब तीन घंटे तक जाम लगा रहा। नरकोटा में हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी और तीन किमी तक लंबा जाम लग गया। ऐसे में यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इन दिनों नरकोटा में रेलवे का काम चल रहा है साथ ही यहां पर हाईवे के लिए पुल निर्माण कार्य भी किया जा रहा है जिससे यहां हाईवे संकरा हो गया है। इस कारण सोमवार को यहां पर दोपहर दो बजे जाम लग गया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगनी शुरू हो गईं।



हाईवे पर करीब तीन किमी तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। शाम पांच बजे जाम खुलने पर सभी ने राहत की सांस ली। दरअसल इन दिनों चारधाम के लिए बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं जिससे हाईवे पर वाहनों की संख्या काफी बढ़ गई है। वहीं जाम में फंसने से यात्रियों का शेड्यूल भी बिगड़ गया है। कलकत्ता के टॉलीगंज से आए तेजपाल सिंह, संदीप सिंह, टीनू का कहना है कि वह समय पर निकल गए थे लेकिन जाम के कारण उनका पूरा कार्यक्रम ही बदल गया।

सोमवार रात तक ऋषिकेश पहुंचना है। वहां से मंगलवार को उनका ट्रेन में रिजर्वेशन है। यहां पर पुलिस के जवान तो तैनात हैं, लेकिन वे भी जाम खुलवाने में नाकाम साबित हो रहे हैं जिससे बड़ी संख्या में पहुंच रहे तीर्थयात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले दिनों से लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह मलबा आने से चमोली जिले की करीब 18 सड़कें बंद पड़ी हैं। इन सड़कों से कई गांवों के लोग जुड़े हैं। सड़कें बंद होने से ग्रामीणों को पैदल आवाजाही करनी पड़ रही है।

# 20 नए संक्रमित मिले, एक मरीज की मौत 185 पहुंची सक्रिय मरीजों की संख्या



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम हो गई है। बीते 24 घंटे के भीतर प्रदेश में पांच जिलों में 20 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जबकि 33 मरीज ठीक हुए हैं। सोमवार को सक्रिय मरीजों की संख्या में कमी आई है। फिलहाल प्रदेश में 185 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। जबकि रविवार को प्रदेश में 202 सक्रिय मरीज थे।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सोमवार को 1063 सैंपलों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, सामने आए आठ मामलों में देहरादून में सात, नैनीताल में नौ, चमोली में दो, हरिद्वार व पौड़ी में एक-एक संक्रमित मरीज सामने आया है।

वहीं, चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी, ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी में एक भी संक्रमित मरीज सामने नहीं आया है। साथ ही प्रदेश की रिकवरी दर 95.89 प्रतिशत और संक्रमण दर 1.97 से बढ़कर 1.85 दर्ज की गई है।

# देहरादून में सुनील हत्याकांड में 6 संदिग्धों के पालीग्राफ टेस्ट के लिए कोर्ट ने दी मंजूरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 19 सितंबर। मसूरी में ढाबा संचालक सुनील की हत्या के मामले में सीजेएम न्यायालय ने एसटीएफ को छह संदिग्धों के लाई डिटेक्टर टेस्ट (पालीग्राफ टेस्ट) की मंजूरी दी है। इसके अलावा अन्य के भी टेस्ट हो सकते हैं। हालांकि, अभी इस टेस्ट के लिए तिथि निर्धारित नहीं की गई है।

इस मामले को लेकर सोमवार को एसटीएफ ने सात संदिग्धों को बुलाकर पूछताछ भी की। इस दौरान उनसे लाई डिटेक्टर टेस्ट के लिए उनकी इच्छा पूछी गई थी। उनकी हामी के बाद एसटीएफ ने टेस्ट के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की।



24 फरवरी 2020 को कालसी के लखवाड़ गांव के सुनील का हाथी पांव क्षेत्र में शव मिला था। उसके गले पर निशान थे। सुनील मसूरी क्षेत्र में ढाबा चलाता था और घटना से दो दिन पहले गायब हो गया था। पुलिस करीब सात महीने की जांच के बाद भी इस हत्याकांड का पर्दाफाश नहीं कर पाई। इस मामले में स्वजन का यह आरोप था कि पुलिस मामले में सही ढंग से जांच करने के बजाय उन पर ही शक कर रही है। ऐसे में शासन के निर्देश पर इस मुकदमे की जांच मसूरी कोतवाली पुलिस से एसटीएफ को ट्रांसफर कर दी गई थी। एसटीएफ ने कालसी क्षेत्र के कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को कार्यालय बुलाया। यहां उनसे तकरीबन साढ़े चार घंटे तक पूछताछ की। दूसरी ओर, इस मामले में स्वजन का कहना है कि एसटीएफ भी इसी दिशा में चल रही है, जिस पर मसूरी कोतवाली पुलिस चल रही थी। उनका कहना है कि एसटीएफ से ही उन्हें इंसाफ की उम्मीद है। एसटीएफ एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि विवेचना अधिकारी ने छह संदिग्धों के पालीग्राफ टेस्ट के लिए न्यायालय में अर्जी दी थी। न्यायालय ने अर्जी मंजूर कर दी है।

## कश्मीर में इमरान हाशमी पर हुई पत्थरबाजी

नई दिल्ली, 19 सितंबर। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी इन दिनों जम्मू कश्मीर में अपनी अपकमिंग फिल्म 'ग्राउंड जीरो' की शूटिंग में बिजी हैं। शूटिंग का सारा काम पहलगाम में चल रहा है। लेकिन यहां पर इमरान हाशमी को पत्थरबाजों का सामना करना पड़ा। खबर है कि हाल ही में जब इमरान हाशमी शूटिंग खत्म करने के बाद सेट से निकले थे तब उन पर बदमाशों ने पत्थरबाजी कर दी।

शाम को शूटिंग खत्म करने के बाद इमरान हाशमी फिल्म की बाकी टीम के साथ पहलगाम की मेन मार्केट निकले थे। तभी अचानक कुछ अनजान लोगों ने अभिनेता के साथ मौजूद सभी लोगों पर हमला कर दिया और वह सभी मिलकर उन पर पत्थरबाजी करने लगे। वहीं, मामले की एफआईआर पुलिस थाने में दर्ज कर ली गई है। पत्थरबाजी करने वाले लोगों पर धारा 147, 148, 370, 336, 323 लगाई गई है। इस मामले में अनंतनाग पुलिस ने एक शख्स की पहचान कर उसे गिरफ्तार भी कर लिया है।

दैनिक न्यूज वायरस

न्यूज वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक : मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा